पंजाब केसरी 07/02/2024

लक्ष्य निर्धारित करें और प्रयास करते रहें : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 6 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य निर्धारित करें और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहें। डा. दत्त अपने कालेज में आगामी प्लेसमैंट ड्राइव में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल एवं आत्मविश्वास से लैस करने के उद्देश्य से आयोजित मॉक साक्षात्कारों की श्रृंखला के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मॉक साक्षात्कार सत्र छात्रों के संचार कौशल को निखारने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी साक्षात्कार तकनीकों को निखारने में सहायक साबित हुए।

जी.एम.एन. कालेज में आयोजित मॉक साक्षात्कार के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अंग्रेजी विभाग की प्रो. महक तलवार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में संकाय और छात्रों, दोनों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। साक्षात्कार कर्त्ताओं के पैनल में प्लेसमैंट सैल की प्रभारी डा. अनुपमा सिहाग, परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डा. के.के. पुनिया, अंग्रेजी विभाग से प्रो. कमलेश कुमारी और प्रबंधन विभाग से डा. रवनीत कौर शामिल हुईं।

इन अनुभवी पेशेवरों ने अपनी विशेषज्ञता सामने रखी और छात्रों को रचनात्मक आलोचना एवं मूल्यवान सुझाव दिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे वास्तविक दुनिया के साक्षात्कार की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।